जनता अपराध नहीं, विकास चाहती है

चंपारण में पीएम मोदी ने किया सभा को संबोधित

बेतिया, 08 नवम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महात्मा गांधी की कर्मभूमि चंपारण में बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के प्रचार अभियान का समापन किया.

उन्होंने कहा कि यह उनके लिए गौरव की बात है कि अभियान की शुरुआत जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मभूमि से हुई और समापन गांधी की भूमि पर हो रहा है. मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि चंपारण की भूमि ने भारत को सत्याग्रह की ताकत दी है और आज यही भूमि एनडीए को प्रचंड जीत का आशीर्वाद दे रही है. उन्होंने राजद पर हमला बोलते हुए कहा कि वे बच्चों को अपराध की राह पर ले जाना चाहते हैं, जबकि एनडीए की डबल इंजन सरकार शिक्षा, रोजगार और विकास पर काम कर रही है. प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस-राजद के शासन में महंगाई चरम पर थी, जबकि आज जीएसटी के कारण रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती हुई हैं. मोदी ने कहा कि बिहार की जनता अब अपराध नहीं, विकास चाहती है और यही बिहार का नया संकल्प है.

> उन्होंने चंपारण के दो महान सपूतों राजकुमार शुक्ल और प्रजापति मिश्र को नमन करते हुए कहा कि यह भूमि हमेशा सत्य, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक रही है. प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जो पार्टियां बच्चों को रंगदार बनाने की बात करती हैं, उन्हें बिहार की जनता अब पहचान चुकी है. उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार बिहार के हर जिले में इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज खोल रही है, जबकि राजद की सोच केवल अपराध और अराजकता फैलाने की है.

अपनापन और संवेदना ही भारत को विश्व गुरु बनाएंगे : भागवत

नई दिल्ली, 08 नवम्बर. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को समाज में संवेदना और आत्मीयता के महत्व पर जोर दिया.

उन्होंने कहा कि केवल कानून से समाज नहीं चलता, बल्कि पारस्परिक समझ, प्रेम और अपनापन से चलता है. भागवत ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने भीतर के दीपक को जलाकर समाज में उजाला फैलाना चाहिए. उन्होंने कहा, जब हर व्यक्ति में अपनापन जागृत होगा, तभी भारत विश्व गुरु के रूप में खड़ा होगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास आज विज्ञान, विद्या और संसाधन सब हैं, पर उसकी असली पूंजी 'अपनापन' है. उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा इस विचार पर आधारित है कि सभी में एक ही चेतना विद्यमान है, जिसे ब्रह्म कहा जाता है. यही आध्यात्मिक दृष्टिकोण भारत को विशिष्ट बनाता है. भागवत ने कहा कि भारत को अपनी परंपरा और संवेदना के बल पर विश्व को शांति और एकता का मार्ग दिखाना चाहिए. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि समाज केवल कानूनों से नहीं, बल्कि संवेदना, आत्मीयता और अपनापन से चलता है. उन्होंने कहा कि जब हर व्यक्ति के भीतर का दीपक प्रज्वलित होगा, तभी भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर होगा.

स्वास्थ्य पर सख्ती : अमेरिकी वीजा पर पड़ेगा बीमारी का असर

'पब्लिक चार्ज' - ट्रंप प्रशासन ने बढ़ाई वीजा जांच की कसौटी

वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 8 नवंबर. अमेरिकी ट्रंप प्रशासन ने वीजा नीति को सख्त बनाते हुए फिर से 'पब्लिक चार्ज' नियम लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है.

नई हिदायतों के अनुसार, वीजा अधिकारियों को अब आवेदकों की स्वास्थ्य स्थिति, इलाज की लागत, और आर्थिक क्षमता को ध्यान में रखकर निर्णय लेने को कहा गया है। इस नीति के तहत यदि किसी विदेशी नागरिक को ऐसी बीमारी है, जिसका इलाज महंगा या दीर्घकालिक है, तो उसका वीजा अस्वीकृत किया जा सकता है, इनमें हृदय रोग, कैंसर, डायबिटीज, सांस संबंधी दिक्कतें, और यहां तक कि मोटापा भी शामिल है.

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि हर केस का मूल्यांकन अलग से किया जाएगा. हालांकि, आलोचकों का कहना है कि यह फैसला सब्जेक्टिव है, क्योंकि वीजा अधिकारी मेडिकल एक्सपर्ट नहीं होते. कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह नीति वृद्ध और पुरानी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए वीजा प्रक्रिया को और जटिल बना देगी. इससे प्रवासी समुदायों में चिंता और असमानता की भावना गहराएगी.

बीमारी के आधार पर वीजा से इनकार नहीं किया जाएगा

अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सिर्फ बीमारी के आधार पर वीजा से इनकार नहीं किया जाएगा, लेकिन अधिकारी यह देखेंगे कि व्यक्ति भविष्य में सरकारी सहायता पर निर्भर तो नहीं होगा. आलोचकों ने इस नीति को अमानवीय और भेदभावपूर्ण बताया है. कैथोलिक लीगल इमिग्रेशन नेटवर्क के वकील चार्ल्स व्हीलर ने कहा, वीजा अधिकारी डॉक्टर नहीं होते, फिर भी उन्हें स्वास्थ्य स्थिति पर आधारित निर्णय लेने की छूट दी जा रही है. वहीं, जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी की वकील सोफिया जेनोवेस का कहना है कि यह नीति अधिकारियों को आवेदकों की संभावित चिकित्सा लागत पर अटकलें लगाने के लिए प्रोत्साहित करती है, जिससे नतीजे असंगत हो सकते हैं. यह नियम पहले भी ट्रंप प्रशासन के समय (2019) लागू किया गया था.

जलवायु संरक्षण के लिए ब्राजील में भारत ने दोहराई प्रतिबद्धता

नई दिल्ली, 08 नवंबर. भारत ने जलवायु संरक्षण की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि विकसित देशों को उत्सर्जन में कमी करने के उपाय तेज कर समान कार्रवाई के सिद्धांत को अपनाते भौगोलिक व अन्य परिस्थतियों के अनुरूप जलवायु संरक्षण की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिए. ब्राजील के बेलेम में कॉप-30 देशों के नेताओं के शिखर सम्मेन में ब्राज़ील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने समतामूलक जलवायु कार्रवाई के प्रति दुनिया के समक्ष भारती प्रतिबद्धता दोहराई है. संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन 30वें सम्मेलन कॉप-30 का आयोजन 10 से 21 नवंबर तक ब्राज़ील के बेलेम में आयोजित किया जा रहा है.

सबरीमाला मंदिर पुनरुद्धार के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू

तिरुवनंतपुरम, 08 नवंबर. भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सबरीमाला स्थित पवित्र भगवान अयप्पा मंदिर के संरक्षण और पुनरुद्धार में हस्तक्षेप करने का आग्रह करते हुए दक्षिण भारत के कई राज्यों में एक व्यापक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है.

केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह पहल मंदिर से जुड़ी कथित सोने की तस्करी की घटना और तीर्थयात्रियों को पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने में लगातार हो रही लापरवाही के परिप्रेक्ष्य में की गयी है. उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य मंदिर की पवित्रता को बहाल करने, इसके प्रशासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और इसके रखरखाव के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही की मांग करने के लिए लाखों श्रद्धालुओं को एकजुट करना है. इसमें केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में घर-घर जाकर व्यापक हस्ताक्षर संग्रह शामिल होंगे.उन्होंने कहा, इस अभियान का उद्देश्य सबरीमाला की रक्षा करना, इसकी पवित्रता को बहाल करना और यह सुनिश्चित करना है कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आवाज़ उच्चतम स्तर पर सुनी जाये. श्री चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि त्रावणकोर देवस्वोम पारदर्शिता बनाये रखने और श्रद्धालुओं को आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने के अपने कर्तव्य में विफल रहा है.

गोवा में कानून-व्यवस्था ध्वस्त : केजरीवाल

पणजी, 8 नवम्बर. आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला और कहा कि गोवा में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है.

केजरीवाल ने कहा कि गोवा में हत्याएं, गोलीबारी और दिनदहाड़े डकैती आम बात हो गई हैं. भाजपा राज में गोवा पूरी तरह अराजक राज्य बन गया है. उन्होंने हाल के दिनों में हुई कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि पहाड़ काटने का विरोध करने वाले एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई, अवैध रेत खनन को लेकर नागरिकों पर गोली चलाई गई और एक युवक को पुलिस थाने में पीटा गया. आप प्रमुख ने आरोप लगाया कि

सालिगाओ में लोगों की हत्या ने राज्य में भय का माहौल पैदा कर दिया है. उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में न तो नागरिक सुरक्षित हैं और न ही कानून का डर बचा है. केजरीवाल ने गोवा सरकार से मांग की कि वह तुरंत कानून-व्यवस्था को बहाल करे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे. पहाड़ काटने का विरोध करने वाले एक नागरिक की हत्या कर दी गई, अवैध रेत खनन का विरोध करने पर लोगों पर गोली चलाई गई.

> आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को गोवा में बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया. उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है. और भाजपा शासन में गोवा अराजकता का प्रतीक बन गया है. केजरीवाल ने कहा, गोवा में हत्याएँ, गोलीबारी, और दिनदहाड़े डकैतियाँ हो रही हैं. भाजपा राज में जनता का सुरक्षा तंत्र पूरी तरह विफल हो चुका है. पिछले कुछ दिनों में कई भयावह घटनाएँ हुईं.

बिहार में प्रदेशवासी बनाएंगे सरकार

गृहमंत्री अमित शाह ने पूर्णिया जिले में रैली को किया संबोधित

पूर्णिया, 08 नवंबर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी सरकार बनायेंगे और 'विकसित बिहार' के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ही लायेंगे.



शाह ने पूर्णिया जिले में राजग प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार में घुसपैठियों के लिये कोई जगह नहीं है. उन्होंने कहा कि अभी अभी कांग्रेस नेता राहुल गांधी और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव घुसपैठिया बचाओ यात्रा लेकर निकले थे. उन्होने कहा कि राहुल-तेजस्वी चाहते हैं कि सीमांचल घुसपैठियों का गढ़ बने,लेकिन वह आज सीमांचल की भूमि से कहकर जाते हैं कि राजग सरकार बिहार से एक-एक घुसपैठिए को निकालेगी. उन्होंने कहा राजग सरकार न केवल घुसपैठियों को निकालेगी बल्कि उन्होंने जो अतिक्रमण किया है, उसे भी जमींदोज कर सीमांचल की भूमि को मुक्त करेंगे. यहां पर जितने भी अवैध धंधे लालू राज में शुरू हुए और घुसपैठियों ने बढ़ाए, हर एक अवैध गतिविधि को राजग सरकार उखाड़ फेंकेगी. केन्द्रीय मंत्री ने कहा, ये घुसपैठिए हमारे युवाओं की नौकरी छीन लेते हैं, गरीबों के राशन में हिस्सेदारी लेते हैं और देश को भी असुरक्षित करते हैं. उन्होंने कहा, लालू यादव और राहुल गांधी कान खोलकर सुन लें. राजग सरकार घुसपैठियों की पहचान करेगी, मतदाता सूची से उसका नाम मिटायेगी और वे जहां से आए हैं, उस देश में उन्हें भेजा जायेगा. उन्होंने पूछा सीमांचल वालों बताओ कि यहां से घुसपैठियों को निकालना चाहिए या नहीं निकालना चाहिए. बिहार में घुसपैठिए नहीं, प्रदेश वासी सरकार बनायेंगे और 'विकसित बिहार' के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को ही लायेंगे.

बिहार में विकास की सरकार की जरूरत : योगी

पूर्वी चंपारण, 8 नवंबर. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुये कहा कि बिहार की जनता को अपराधी नहीं बल्कि विकास की बयार बहाने वाली सरकार की जरुरत है जिस पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) फिट बैठता है. मोतिहारी में राजग प्रत्याशी प्रमोद कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार ने पहले चरण के मतदान में ही यह संकेत दे दिया है कि अब लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, बल्कि एनडीए की एलईडी लाइट में जगमगाता बिहार चाहिए. उन्होंने कहा कि 14 नवंबर को जब परिणाम आएंगे, तो फिर एक बार एनडीए की सुशासन, विकास और सुरक्षा की सरकार बनने जा रही है. बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार चाहिए. उन्होने कहा कि यह वही धरती है जिसने माँ जानकी को शरण दी, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाया और जिसने भारत को स्वतंत्रता की दिशा दिखाई. सत्याग्रह की यह भूमि राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र के आग्रह से भी कभी पीछे नहीं हटती.

प्रियंका गांधी बोलीं- वोट का अधिकार खतरे में

कटिहार, 08 नवंबर. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कटिहार में चुनावी जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला और कहा कि आज देश में वही अधिकार खतरे में है, जिसके लिये महात्मा गांधी ने आजादी से पहले लड़ाई लड़ी थी, यानी जनता के वोट का अधिकार. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी जनता से उनका वोट का अधिकार छीनना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि, 'पहले भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की चोरी करने की कोशिश की और अब वे आपके वोट के अधिकार को समाप्त करने की कोशिश कर रहे हैं। इस साजिश में प्रधानमंत्री मोदी, चुनाव आयोग और गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव ने जनता से अपील की कि वे इस विश्वासघात का जवाब लोकतांत्रिक तरीके से दें। उन्होंने कहा कि देश को इस साजिश का जवाब भविष्य में देना होगा और जनता को अपने अधिकार की रक्षा करनी होगी.

तकनीकी समस्या के बाद दिल्ली हवाई अड्डे का परिचालन सामान्य

नई दिल्ली, 08 नवंबर. दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर शनिवार को उड़ान संचालन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है जबकि एक दिन पहले स्वचालित संदेश स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में तकनीकी खराबी आने के कारण घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों सेवाएं प्रभावित हुई थीं.

यह प्रणाली एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) उड़ान नियोजन प्रक्रिया का समर्थन करती है. आज सुबह दिल्ली हवाई अड्डे ने एक परामर्श जारी किया कि उड़ान संचालन की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है तथा एयरलाइन परिचालन सामान्य हो रहा है. सभी संबंधित अधिकारी यात्रियों की असुविधा को कम करने की दिशा में काम कर रहे हैं. उल्लेखनीय है कि



यह तकनीकी समस्या छह नवंबर को शुरू हुई थी जिससे उड़ान संदेशों की प्रक्रिया अस्थायी रूप से प्रभावित हुई थी. इसके कारण घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय दोनों उड़ानों में बहुत देरी हुई और दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने शुक्रवार रात इस समस्या का सफलतापूर्वक समाधान कर लिया.

आज का इतिहास

1717 स्पेनिश सैनिकों ने सर्दीनिया पर उतारा गया।
1762 एन. फ्रेंकलिन अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।
1775 किंग जॉर्ज ने खुले विद्रोह में शामिल होने के लिए कॉलोनियों की घोषणा की।
1791 हाईटियन क्रांति की शुरुआत करते हुए, सेंट-डोमिंग्यू के फ्रांसीसी उपनिवेश में एक गुलाम विद्रोह हुआ।
1798 आयरिश विद्रोह की सहायता के लिए फ्रांसीसी सैनिकों काउंटी मायो में किल्कमुमिन में स्थित किया गया।

वैष्णव ने महिला कर्मियों का किया उत्साहवर्धन

अश्विनी वैष्णव ने किया बरेका का दौरा

वाराणसी, 8 नवंबर. कर्मचारियों से मिले रेल मंत्री, कहा बरेका में नवाचार ही असली पहचान बरेका बना तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक, वैष्णव बोले गुणवत्ता से समझौता नहीं केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का दौरा किया.

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार एवं बरेका के महाप्रबंधक सोमेश कुमार भी उपस्थित रहे. रेल मंत्री ने लोको फ्रेम शॉप, लोको असेंबली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का विस्तृत निरीक्षण किया तथा निर्माण प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी जानकारियां प्राप्त कीं. निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए लोको निर्माण की बारीकियों पर चर्चा की और विशेष रूप से महिला कर्मचारियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया. वैष्णव ने कर्मचारियों से लोको निर्माण की गुणवत्ता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए सुझाव मांगे. कर्मचारियों द्वारा दिए गए उपयोगी सुझावों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि लोको निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए.

> बरेका की पहचान उच्च गुणवत्ता और नवाचार से बनी रहनी चाहिए. उन्होने बरेका की उत्पादन क्षमता, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामग्री प्रबंधन प्रणाली की भी सराहना की. उन्होंने कहा कि बरेका भारतीय रेल की तकनीकी आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां निरंतर नवाचार और आधुनिक तकनीक का सफल समावेश किया जा रहा है. वैष्णव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए उन्हें देश की प्रगति के इंजन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया.



105.76 करोड़ के सरकारी धन का गबन करने का आरोप

नई दिल्ली, 08 नवंबर. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने असम सरकार के अंतर्गत मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा (ओडीएल) प्रकोष्ठ की तत्कालीन कार्यकारी अध्यक्ष-सह-निदेशक, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सेवाली देवी शर्मा और अन्य से जुड़े धन शोधन के एक मामले में 6.40 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्ति कुर्क की है. ईडी, गुवाहाटी क्षेत्रीय कार्यालय ने यह जानकारी दी है. ईडी ने सतर्कता पुलिस स्टेशन, मुख्यमंत्री के विशेष प्रकोष्ठ, असम द्वारा सेवाली देवी शर्मा और उनके सहयोगियों के खिलाफ आईपीसी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की. उन पर 105.76 करोड़ रुपये के सरकारी धन का गबन करने का आरोप है. ईडी के अनुसार जांच से पता चला है कि 2017 से 2021 के बीच अपने कार्यकाल के दौरान शर्मा ने असम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद प्रशिक्षुओं को नामांकित किया जो कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई), नयी दिल्ली द्वारा दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से दो वर्षीय डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डी.एल.एड.) कार्यक्रम के लिए स्वीकृत 59 अध्ययन केंद्रों और 27,897 प्रशिक्षुओं की सरकार द्वारा स्वीकृत सीमा से अधिक था.

NAME CHANGE

I WANT TO DECLARE THAT BEFORE MARRIAGE MY **NAME WAS ZAINAB MURTUZA AMDAVADWALA D/O MURTUZA ALI AMDAVADWALA,** I HERE BY DECLARE THAT AFTER MARRIAGE I HAVE CHANGE MY NAME TO **ZAINAB TINWALA W/O MUSTAFA TINWALA,** SO FROM NOW AND IN FUTURE I WILL BE KNOWN BY MY NEW NAME **ZAINAB TINWALA W/O MUSTAFA TINWALA**
ADDRESS : RANI MANZIL BOHRA SABIL MOHAMMADI MARG MANDSAUR

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय: प्लाट नं. 160-161, पीयू-4, सी-21 माल के पीछे, स्कीम नं. 54, ए.बी. रोड, इन्दौर

ई-नीलामी की सूचना

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभावित है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूति लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है** के आधार पर निम्न ऋणियों से सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया से प्रतिभूति लेनदार की निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई-नीलामी द्वारा दिनांक **12.12.2025** को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है।

क्रं.	ऋणी, जमानतदार एवं शाखा का नामएवं मोबाईल नं.	बंधक संपत्तियों का विवरण	मांग पत्र दिनांक / बकाया राशि (₹)	आरक्षित मूल्य (₹) / धरोहर राशि (₹) / बिड वृद्धि राशि (₹)
1.	**श्री अंकित अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्री गणेश अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्रीमती मनोरमा अग्रवाल पति गोपाल अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्री ऋषी अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल एवं श्रीमती श्यामा बाई अग्रवाल पति गोपीलाल अग्रवाल, शाखा: सुदामा नगर, इन्दौर मोबाईल: 83700 12071**	1. मकान नं. 334 का उत्तरी भाग, व्यंकटेश नगर, इन्दौर, **मालिक: श्री अंकित अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्री गणेश अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्रीमती मनोरमा अग्रवाल पति गोपाल अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्री ऋषी अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल एवं श्रीमती श्यामा बाई अग्रवाल पति गोपीलाल अग्रवाल, क्षेत्रफल: 500 वर्गफीट (46.46 वर्गमीटर), चर्तु:सीमा: उत्तर:** प्लाट नं. 333, **दक्षिण:** इसी प्लाट का शेष भाग, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** अम्बिकापुरी रोड **(सांकेतिक कब्जा)** 2. मकान नं. 334 का दक्षिणी भाग, व्यंकटेश नगर, इन्दौर, **मालिक: श्री अंकित अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्री गणेश अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्रीमती मनोरमा अग्रवाल पति गोपाल अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल, श्री ऋषी अग्रवाल पिता गोपाल अग्रवाल एवं श्रीमती श्यामा बाई अग्रवाल पति गोपीलाल अग्रवाल, क्षेत्रफल: 500 वर्गफीट (46.46 वर्गमीटर), चर्तु:सीमा: उत्तर:** इसी प्लाट का शेष भाग, **दक्षिण:** प्लाट नं. 335, **पूर्व:** सड़क, **पश्चिम:** अम्बिकापुरी रोड **(सांकेतिक कब्जा)**	01.08.2023 **16,77,968.00** + ब्याज एवं अन्य खर्च - उसके बाद की गई रिकवरी	**56,39,000** **5,64,000** **50,000**

(ऑनलाईन) ई-नीलामी दिनांक: 12.12.2025 , समय: प्रात: 10 से सायं 6 बजे तक
दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम दिनांक 10.12.2025 एवं ईएमडी जमा करने की अंतिम दिनांक व समय : 12.12.2025, सायं 4 बजे तक, ईएमडी को छोड़कर शेष बोली की राशि जमा करने के लिए बैंक खाते का विवरण: अकाउंट नं. : 3283786076, खाते का नाम: प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय, इन्दौर, IFSC CODE: CBIN0280765

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया **सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया** सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट यानी **www.centralbank.co.in** और सेवा प्रदाता की वेबसाइट **https://baanknet.com** देखें। **क्षेत्रीय कार्यालय इन्दौर 95222 73419** से संपर्क कर सकते है।

सिक्यूरीटाईजेशन एक्ट 2002 के अंतर्गत विक्रय हेतु 30 दिवसीय वैधानिक सूचना

सफल बोलीकर्ता को 15% राशि का भुगतान 24 घंटे के भीतर करना होगा।

स्थान: इन्दौर, दिनांक: 09.11.2025 — **प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

टिप्पणी — **केंद्र को सीजेआई की दो टूक- सरकार अदालत से बचने की कोशिश कर रही**

'अटॉर्नी जनरल नहीं आए तो केस रिजर्व कर देंगे'

नईदिल्ली, 8 नवंबर. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसा लगता है, सरकार उनकी रिटायरमेंट के बाद सुनवाई चाहती है.

केंद्र ने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 की संवैधानिक वैधता पर चल रही सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया था. सीजेआई गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा हमने पहले भी दो बार स्थगन दिया है. अगर आप चाहते हैं कि यह

सुनवाई मेरी रिटायरमेंट के बाद हो, तो खुलकर कहिए. सीजेआई ने नाराज़गी जताते हुए कहा कि अदालत के साथ यह बहुत अनुचित है. उन्होंने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि हर बार अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का हवाला देकर स्थगन नहीं मांगा जा सकता. पीठ ने वरिष्ठ वकील अरविंद दातार से कहा कि वे शुक्रवार को अपनी दलीलें जारी रखें. सीजेआई ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर अटॉर्नी जनरल सोमवार को पेश नहीं होते, तो अदालत मामला रिजर्व कर देगी. सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार को केंद्र सरकार पर सख्त नाराज़गी जताई, जब उसने ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट, 2021 को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया.

मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा, ऐसा लगता है कि सरकार जानबूझकर इस बेंच से बचना चाहती है क्योंकि मैं कुछ ही दिनों में रिटायर होने वाला हूं.

> अगर आप सुनवाई 24 नवंबर के बाद करना चाहते हैं, तो साफ-साफ कह दीजिए. पीठ में शामिल जस्टिस के. विनोद चंद्रन और विपुल एम. पंचोली ने भी सहमति जताई. सीजेआई ने कहा, हमने इस सुनवाई के लिए कल कोई और मामला नहीं रखा ताकि सप्ताहांत में फैसला लिख सकें. अदालत के साथ यह बहुत अनुचित व्यवहार है. गवई ने यह भी कहा कि जब वे हाईकोर्ट में जज थे, तो सुप्रीम कोर्ट के सम्मान में कभी सुनवाई टालने का आग्रह नहीं करते थे.